मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 42

02.02.2023 को उत्तर के लिए

मध्यम सघन वन क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास

42. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत का कुल वन क्षेत्रफल कितना है, भारत के कुल क्षेत्रफल में इसका कितना हिस्सा है, तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त वन क्षेत्रफल में से कितना क्षेत्रफल बहुत सघन वन, मध्यम सघन वन और मुक्त वन क्षेत्र के अंतर्गत है;

(ग) क्या यह सही है कि मध्यम सघन वन का क्षेत्रफल लगातार घट रहा है तथा मुक्त वन क्षेत्रफल बढ़ रहा है; और

(घ) यदि हां, तो मध्यम सघन वन का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं, विगत पांच वर्षों में इसके लिए जारी बजट एवं खर्च की गई राशि और इस संबंध में प्राप्त उपलब्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) मंत्रालय का अधीनस्थ संगठन, भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून, वर्ष 1987 से देश के वन क्षेत्र का द्विवार्षिक रूप से आकलन करता है और इसके निष्कर्षों को भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है। नवीनतम आईएसएफआर, 2021 के अनुसार, देश का कुल वन आवरण 7,13,789 वर्ग किलोमीटर है जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.72% है। आईएसएफआर, 2021 के अनुसार वन आवरण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है ।

(ख) आईएसएफआर, 2021 के अनुसार, बहुत सघन वनों से आच्छादित क्षेत्र 99,779 वर्ग किलोमीटर (3.04%), मध्यम सघन वन 3,06,890 वर्ग किलोमीटर (9.33%) और खुले वन 3,07,120 वर्ग किलोमीटर (9.34%) हैं।

(ग) वर्ष 2021 की आईएफएसआर के अनुसार, मध्यम सघन वन आवरण 3,06,890 वर्ग किलोमीटर है। पिछले आकलन यानी आईएसएफआर, 2019 की तुलना में मध्यम सघन वन आवरण में 1582 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश में खुले वन 3,07,120 वर्ग किमी हैं। आईएसएफआर 2019 के संदर्भ में, खुले वन में 2,621 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। मध्यम घने वन और खुले वन में हुए परिवर्तन का विवरण **अनुबंध- II** में दिया गया है।

(घ) भारत के वन आवरण को बहाल करने और बढ़ाने के लिए, विभिन्न राज्य योजनाओं के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों द्वारा वनीकरण और वृक्षारोपण गतिविधियाँ की जाती हैं। मंत्रालय राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों में सहायता करने और उन्हें पूरा करने के लिए विभिन्न केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं जैसे हरित भारत मिशन के तहत राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। राष्ट्रीय हरित भारत मिशन (जीआईएम) जलवायु परिवर्तन संबंधी राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत उल्लिखित आठ मिशनों में से एक है। इसका उद्देश्य वन और गैर-वन क्षेत्रों में वृक्षारोपण गतिविधियों को शुरू करके भारत के वनावरण का संरक्षण, बहाली और वृद्धि करना और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना है। वित्त वर्ष 2015-16 में जीआईएम गतिविधियों की शुरुआत हुई थी। पिछले पांच वित्त वर्ष (2017-18 से 2021-22) के दौरान 16 राज्यों अर्थात् आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, मिजोरम, ओडिशा , पंजाब, उत्तराखंड , मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को 76587 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण के लिए 500.85 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

यह मंत्रालय वर्ष 2020 से नगर वन योजना (एनवीवाई) कार्यान्वित कर रहा है, जिसमें वर्ष 2020**-21** से वर्ष 2024**-25** की अवधि के दौरान देश में 400 नगर वन और 200 नगर वाटिका के निर्माण की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य जैवविविधता सहित शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वन और हरित आवरण को बढ़ाना और पारिस्थितिक लाभ प्रदान करना है और राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण कोष (काम्पा) के तहत उपलब्ध निधियों से शहरवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। अब तक, मंत्रालय ने नगर वन योजना के तहत 238**.64** करोड़ रुपये की कुल लागत की 270 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें वर्ष 2022**-23** के दौरान 97 नगर वन/ वाटिका के निर्माण हेतु 57**.14** करोड़ रुपये की राशि शामिल है।

प्रतिपूरक वनीकरण कोष अधिनियम, 2016 (सीएएफ अधिनियम) और सीएएफ नियम, 2018 के प्रावधानों के अनुसार विकासात्मक परियोजनाओं के लिए वन भूमि के अपवर्तन के कारण वन और वृक्षावरण के नुकसान की क्षतिपूर्ति करने के लिए अनुमोदित वार्षिक योजना के अनुसार देशी प्रजातियों के रोपण तथा वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यकलापों के माध्यम से विभिन्न वनीकरण कार्यकलापों को करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रतिपूरक वनीकरण निधि (काम्पा निधि) का उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2017-18 से 2021-2022 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपयोग की गई काम्पा निधियों का ब्यौरा **अनुबंध-III** में संलग्न है और 2017-18 से 2021-2022 के दौरान काम्पा निधि का उपयोग करते हुए किए गए वनीकरण का ब्यौरा **अनुबंध- IV** में संलग्न है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय बांस मिशन, कृषि वानिकी पर उप-मिशन आदि जैसे संबंधित मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों/योजनाओं के तहत और राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की विभिन्न योजनाओं के तहत और विभिन्न विभागों, गैर-सरकारी संगठनों, सिविल सोसाइटी, कॉर्पोरेट निकायों आदि द्वारा वनीकरण गतिविधियां भी शुरू की जाती हैं। बहु- विभागीय प्रयासों ने विकास की गति को बनाए रखने के साथ ही वनों की कटाई की समस्या का समाधान करके वन और पर्यावरण के संरक्षण में अच्छे परिणाम दिए हैं, जो इस तथ्य से स्पष्ट है कि वन आवरण स्थिर हो गया है और वर्षों से लगातार बढ़ रहा है। नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार, पिछले सात वर्षों (आईएसएफआर 2015 से आईएसएफआर 2021) में देश के कुल वन क्षेत्र में 12,294 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है।

*****

अनुबंध-I

''मध्यम सघन वन क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास'' के संबंध में श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 42 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आईएफएस 2021 के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के वन आवरण का विवरण

(क्षेत्रफल वर्ग किलोमीटर में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	भौगोलिक क्षेत्रफल (जीए)	कुल वन आवरण	भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत	आईएसएफआर 2019 के संदर्भ में वन आवरण में परिवर्तन	वर्ष 2019 के आकलन के संदर्भ में प्रतिशत परिवर्तन	झाड़-झंखाड़
1	आंध्र प्रदेश	1,62,968	29,784	18.28	647	2.22	8,276
2	अरुणाचल प्रदेश	83,743	66,431	79.33	-257	-0.39	797
3	असम	78,438	28,312	36.09	-15	-0.05	228
4	बिहार	94,163	7,381	7.84	75	1.03	236
5	छतीसगढ	1,35,192	55,717	41.21	106	0.19	615
6	दिल्ली	1,483	195.00	13.15	-0.44	-0.23	0.38
7	गोवा	3,702	2,244	60.62	7	0.31	0
8	गुजरात	1,96,244	14,926	7.61	69	0.46	2,828
9	हरियाणा	44,212	1,603	3.63	1	0.06	159
10	हिमाचल प्रदेश	55,673	15,443	27.73	9	0.06	322
1 1	झारखंड	79,716	23,721	29.76	110	0.47	584
12	कर्नाटक	1,91,791	38,730	20.19	155	0.40	4,611
13	केरल	38,852	21,253	54.70	109	0.52	30
14	मध्य प्रदेश	3,08,252	77,493	25.14	1 1	0.01	5,457
15	महाराष्ट्र	3,07,713	50,798	16.51	20	0.04	4,247
16	मणिपुर	22,327	16,598	74.34	-249	-1.48	1,215
17	मेघालय	22,429	17,046	76.00	-73	-0.43	663
18	मिजोरम	21,081	17,820	84.53	-186	-1.03	1
19	नगालैंड	16,579	12,251	73.90	-235	-1.88	824
20	ओडिशा	1,55,707	52,156	33.50	537	1.04	4,924
21	पंजाब	50,362	1,847	3.67	-2	-0.11	34
22	राजस्थान	3,42,239	16,655	4.87	25	0.15	4,809
23	सिक्किम	7,096	3,341	47.08	-1	-0.03	296
24	तमिलनाडु	1,30,060	26,419	20.31	55	0.21	758
25	तेलंगाना	1,12,077	21,214	18.93	632	3.07	2,911
26	त्रिपुरा	10,486	7,722	73.64	-4	-0.05	33
27	उत्तर प्रदेश	2,40,928	14,818	6.15	12	0.08	563
28	उत्तराखंड	53,483	24,305	45.44	2	0.01	392
29	पश्चिम बंगाल	88,752	16,832	18.96	-70	-0.41	156
30	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	8,249	6,744	81.75	1	0.01	1
31	चंडीगढ़	114	22.88	20.07	0.85	3.86	0.38
32	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	602	227.75	37.83	0.10	0.04	4.85
33	जम्मू और कश्मीर	2,22,236	21,387	39.15	29	0.14	284
34	लद्दाख		2,272	1.35	18	0.80	279
35	लक्षद्वीप	30	27.10	90.33	0.00	0.00	0.00
36	पुदुचेरी	490	53.30	10.88	0.89	1.70	0.00
कुल		**32,87,469**	**7,13,789**	**21.71**	**1,540**	**0.22**	**46,539**

अनुबंध- II

"मध्यम सघन वन क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास" के संबंध में श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 42 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

पिछले पांच वर्षों के दौरान मध्यम सघन वनों में परिवर्तन

(वर्ग किमी में क्षेत्रफल)

मध्यम सघन वन	क्षेत्रफल	पिछले आकलन के संदर्भ में परिवर्तन
आईएसएफआर 2017	3,08,318	-4,421
आईएसएफआर 2019	3,08,472	154
आईएसएफआर 2021	3,06,890	-1,582

पिछले पांच वर्षों के दौरान खुले वनों में परिवर्तन

(वर्ग किमी में क्षेत्रफल)

खुला वन	क्षेत्रफल	पिछले आकलन के संदर्भ में परिवर्तन
आईएसएफआर 2017	3,01,797	1,674
आईएसएफआर 2019	3,04,499	2,702
आईएसएफआर 2021	3,07,120	2,621

अनुबंध- III

"मध्यम सघन वन क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास" के संबंध में श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 42 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2017-18 से 2021-22 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपयोग की गई काम्पा निधियों का ब्यौरा

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम	काम्पा निधियों का उपयोग				
		2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.002	0.10	0.01	0.01	0.00
2	आंध्र प्रदेश	71.09	109.50	98.47	60.96	121.10
3	अरुणाचल प्रदेश	6.69	3.72	3.19	0.00	0.00
4	असम	33.36	37.14	32.02	22.65	21.48
5	बिहार	33.21	36.46	125.39	183.20	0.13
6	चंडीगढ़	1.13	1.27	0.00	0.00	5.14
7	छत्तीसगढ	199.84	283.64	429.21	651.64	855.55
8	दादर और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
9	दिल्ली	1.15	1.73	0.03	0.03	4.15
0 1	गोवा	1.50	2.13	6.86	23.39	17.75
1 1	गुजरात	59.13	152.33	118.5	169.85	168.79
12	हरियाणा	62.74	122.74	60.68	125.73	213.50
13	हिमाचल प्रदेश	105.22	128.06	88.50	119.48	94.77
14	जम्मू और कश्मीर	118.25	77.54	113.51	112.61	127.74
15	झारखंड	137.51	239.46	223.57	214.93	240.99
16	कर्नाटक	9.37	88.74	104.14	170.48	299.99
17	केरल	6.02	7.84	0	10.88	16.03
18	मध्य प्रदेश	145.53	287.67	343.15	475.64	561.09
19	महाराष्ट्र	194.00	217.39	151.52	236.58	422.43
20	मणिपुर	19.50	24.85	30.97	27.79	25.09
21	मेघालय	0.00	0.00	0.00	22.01	36.40
22	मिजोरम	6.10	8.30	0.00	25.99	17.65
23	नगालैंड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	ओडिशा	511.83	0.00	556.34	674.99	843.12
25	पंजाब	59.19	81.27	64.73	128.59	167.82
26	राजस्थान	175.59	132.82	116.44	192.37	182.13
27	सिक्किम	4.48	10.13	39.46	54.84	70.00
28	तमिलनाडु	7.13	4.35	0.56	0.00	0.00
29	तेलंगाना	137.60	213.19	260.60	378.35	488.98
30	त्रिपुरा	6.86	12.85	17.38	17.92	24.22
31	उत्तर प्रदेश	97.66	194.92	180.69	252.19	362.06
32	उत्तराखंड	90.16	119.09	124.00	250.01	375.42
33	पश्चिम बंगाल	9.14	25.36	13.53	8.25	12.92
	कुल	**2310.982**	**2624.59**	**3303.45**	**4611.36**	**5776.44**

अनुबंध- IV

"मध्यम सघन वन क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयास" के संबंध में श्रीमती फूलो देवी नेतम द्वारा दिनांक 02.02.2023 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 42 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2017-18 से 2021-22 के दौरान काम्पा निधि का उपयोग कर किए गए वनीकरण का विवरण

(क्षेत्रफल हेक्टेयर में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	काम्पा के तहत वनरोपण किया गया				
		2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.00	4.33	16.54	5.85	0.00
2	आंध्र प्रदेश	3093.00	4033.00	15829.00	5645.00	5777.00
3	अरुणाचल प्रदेश	3449.96	8716.00	13857.70	0.00	0.00
4	असम	1020.00	1394.11	2084.32	79.26	1813.34
5	बिहार	236.40	1211.00	1644.08	6356.51	0.00
6	चंडीगढ़	0.00	0.74	0.09	0.09	0.00
7	छतीसगढ	5864.86	7210.78	6104.06	4827.93	6748.67
8	दादर और नगर हवेली	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
9	दिल्ली	0.00	0.00	0.00	47.54	23.02
10	गोवा	0.00	10.00	40.00	200.00	200.00
11	गुजरात	847.00	746.00	1922.42	1547.41	6458.55
12	हरियाणा	0.00	1300	25.36	833.67	2246.00
13	हिमाचल प्रदेश	1382.75	581.69	568.32	876.00	954.36
14	जम्मू और कश्मीर	31.93	30.88	37.06	67.78	60.05
15	झारखंड	8073.00	3690.11	14088.25	10714.02	12406.86
16	कर्नाटक	3521.74	2465.29	1370.36	15780.62	9895.27
17	केरल	170.00	276.47	0.00	431.59	619.03
18	मध्य प्रदेश	3087.67	1119.15	25516.90	37716.06	35846.36
19	महाराष्ट्र	6149.15	832.51	10011.89	1043.03	1684.97
20	मणिपुर	6930.74	2738.86	337.00	6056.94	2155.00
21	मेघालय	0.00	0.00	0.00	803.00	534.00
22	मिजोरम	1150.00	351.72	0.00	2536.5	1303.78
23	नगालैंड	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
24	ओडिशा	3550.00	101132.00	28646.00	48165.00	43956.00
25	पंजाब	2728.80	3562.44	5892.98	4769.99	5692.63
26	राजस्थान	7456.8	8533.56	8610.59	12932.85	10744.8
27	सिक्किम	234.09	0.00	171.64	106.04	183.98
28	तमिलनाडु	35.40	44.64	2.19	0.00	0.00
29	तेलंगाना	3908.38	5858.07	5350.68	9162.51	12651.16
30	त्रिपुरा	653.81	217.89	564.34	582.80	821.86
31	उत्तर प्रदेश	6506.95	7883.07	14948.53	12644.94	22676.03
32	उत्तराखंड	3474.00	2715.00	3222.00	2597.00	2852.00
33	पश्चिम बंगाल	0.00	268.65	97.71	122.42	282.81
	कुल	**73556.43**	**166927.96**	**160960.01**	**186652.35**	**188587.53**